आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
गुरूवार 26.06.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने वन्यजीव संरक्षण में खासकर मानव–वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय समुदायों को सक्रिय भागीदार बनाने पर जोर दिया।
- प्रदेश में सीएम हेल्पलाइन 1905 में 180 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के समाधान के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।
- राज्य में अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मृत्यु।
- आदि कैलाश में 56 दिनों में पहुंचे रिकॉर्ड 22 हजार 307 यात्री।

केंद्रीय वन मंत्री बैठक

केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज देहरादून में हाथी परियोजना की 21वीं संचालन समिति की बैठक हुई। बैठक में मानव–हाथी संघर्ष पर जोर दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने वन्यजीव संरक्षण में, खासकर मानव–वन्यजीव संघर्ष से गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय समुदायों को सक्रिय भागीदार बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने वन्यजीव संरक्षण कार्यक्रमों की सफलता के लिए मानव–वन्यजीव संघर्ष के प्रभावी प्रबंधन को महत्वपूर्ण बताया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सलीम अली पक्षी विज्ञान और प्राकृतिक इतिहास केंद्र, भारतीय वन प्रबंधन संस्थान, भारतीय वन्यजीव संस्थान और राज्य वन प्रशिक्षण संस्थानों को जागरूकता और आउटरीच कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने रेल दुर्घटनाओं के कारण हाथियों की मौतों पर डेटा के व्यवस्थित संग्रह और विश्लेषण की आवश्यकता, राज्यों, संस्थानों और विशेषज्ञों के बीच ज्ञान साझा करने के महत्व पर भी जोर दिया। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने एशियाई हाथी–ट्रेन टकराव को कम करने के तरीकों पर एक रिपोर्ट जारी की। इस अवसर पर असम, छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्यों के लिए मानव–हाथी संघर्ष शमन उपायों पर एक रिपोर्ट जारी की गई। साथ ही दांतों की छंटाई पर एक सलाह भी जारी की गई।

मुख्यमंत्री समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम हेल्पलाइन 1905 में 180 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के समाधान के लिए विशेष अभियान चलाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री आज सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने छह महीने से अधिक लंबित शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण नहीं करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ताओं से फोन पर बात कर उनका फीडबैक भी लिया। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों के निस्तारण में अच्छा कार्य करने पर मुख्यमंत्री ने परिवहन, कृषि, समाज कल्याण, आबकारी और ऊर्जा विभाग की सराहना की। श्री धामी ने एक दिन पूरे राज्य में तहसील दिवस का आयोजन करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री, तहसील दिवस के दिन किसी एक जिले में औचक रूप से भाग लेंगे। इसी तरह एक दिन पूरे राज्य में थाना दिवस का आयोजन भी किया जाएगा।

आंगनबाड़ी केंद्र

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने आज हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में तीन नए आंगनबाड़ी केंद्रों के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र कोई सामान्य भवन नहीं है, बल्कि बच्चों को स्वस्थ, शिक्षित और संस्कारी बनाकर उत्तराखंड के भविष्य को संवारने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर व्यवस्थाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। श्रीमती आर्या ने कहा कि इन आंगनबाड़ी केंद्रों की सुविधाओं को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा अभिभावक अपने बच्चों को भेजेंगे। साथ ही गर्भवती महिलाएं भी इन केंद्रों से जुड़कर सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकेंगी।

ई–चार्जिंग स्टेशन

हल्द्वानी नगर निगम शहर में अलग–अलग स्थानों पर ई–चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना बना रहा है। निगम के अधिकारियों ने इसके लिए जमीन की खोजबीन भी शुरू कर दी है। परिवहन निगम के अनुसार हल्द्वानी शहर में चार हजार से ज्यादा ई–रिक्शा पंजीकृत हैं, वहीं दो सौ से अधिक दुपहिया इलेक्ट्रॉनिक वाहन हैं, जिन्हें चलाने के लिए चार्ज करने की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में शहर में ई– चार्जिंग स्टेशन नहीं होने के कारण कई बार इन वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर आयुक्त ऋचा सिंह का कहना है कि जल्द ही निगम सार्वजनिक ई–चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेगा। उधर, परिवहन निगम हल्द्वानी से नैनीताल के लिए जल्द ही टेम्पो ट्रेवलर सेवा शुरू करने जा रहा है। निगम के सहायक महाप्रबंधक संजय पांडे के अनुसार प्रदेश सरकार ने राज्य के कुछ डिपो में यह नई सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। इसमें हल्द्वानी भी शामिल है। हल्द्वानी डिपो सबसे पहले हल्द्वानी और नैनीताल के बीच इसकी शुरुआत करेगा। यह प्रयोग सफल रहने पर इन्हें दूसरे मार्गों पर शुरु किया जाएगा।

दुर्घटना मृत्यु

प्रदेश में आज अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। रुद्रप्रयाग जिले के घोलतीर में आज सुबह एक यात्री वाहन के अलकनन्दा नदी में गिरने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में लापता नौ लोगों की खोजबीन के लिये राहत और बचाव अभियान जारी है। लापता लोगों की तलाश के लिए अलग–अलग स्थानों पर वॉचर के माध्यम से निगरानी के साथ ही उन्नत तकनीत का भी सहयोग लिया जा रहा है। वहीं, रेस्क्यू किए गए आठ लोगों में से तीन गंभीर घायलों को हेली एम्बुलेंस से एम्स ऋषिकेश भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ सहित अन्य बचाव दलों द्वारा युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य किया जा रहा है।

उधर, देहरादून जिले के कालसी–चकराता मोटर मार्ग पर जजरेड के पास एक कार के खाई में गिरने से तीन युवकों की मृत्यु हो गई और एक गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ और रेस्क्यू टीम ने शवों और घायल को खाई से बाहर निकाला।

उधर, चमोली जिले में ज्योर्तिमठ–नीती मोटर मार्ग पर झेलम और भापकुंड के बीच दुर्घटनाग्रस्त कार से पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने आज दो युवकों के शव बरामद किए। जानकारी के अनुसार दोनों युवक स्थानीय थे, जो 22 जून की शाम को अपनी कार से वापस आ रहे थे, लेकिन घर नहीं पहुंचे। खोजबीन करने के बाद आज दोनों के शव खाई में दिखाई दिए।

आदि कैलाश

नए धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में उभरकर सामने आए आदि कैलाश क्षेत्र ने इस बार यात्रा में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस बार मात्र 56 दिनों में ही 22 हजार 307 श्रद्धालु आदि कैलाश के साथ ही ओम पर्वत के दर्शन कर चुके है। इससे पहले के दो वर्षों में कुल 39 हजार 502 श्रद्धालुओं ने ही आदि कैलाश यात्रा की थी। सामान्यतः आदि कैलाश यात्रा का संचालन एक मई से अक्टूबर–नवंबर तक ही होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 अक्टूबर, 2023 को आदि कैलाश पहुंचने के बाद इस धार्मिक पर्यटन स्थल को देश के साथ ही पूरे विश्व में एक विशेष पहचान मिली। जिसके बाद से ही यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। पर्यटन विभाग के अनुसार वर्तमान स्थिति को देखते हुए इस साल आदि कैलाश में डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस बार कैलाश मानसरोवर यात्रा भी 30 जून से शुरू हो रही है और यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का गुंजी में दो दिवसीय विश्राम होगा। इस संबंध में पर्यटन विभाग का कहना है इस बार कैलाश मानसरोवर यात्री भी आदि कैलाश के दर्शन करेंगे।

जिलाधिकारी निरीक्षण पौड़ी

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने खोलाचौरी क्षेत्र में राजस्व कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंजिकाएं व्यवस्थित रखने, अतिक्रमण सूची बनाने और रोस्टर चस्पा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अतिक्रमण की सूची तैयार करने और 15 अगस्त से पहले गांव–गांव जाकर लोगों के दाखिल–खारिज की कार्यवाही पूरा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कोट विकासखंड के खोला गांव में जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों का निरीक्षण भी किया। गांव में पाइप लाइन खुले में छोड़े जाने पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने तीन दिन के भीतर पाइपों को भूमिगत करने के निर्देश दिये।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय

उत्तराखंड उच्च न्यायालय में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण रोस्टर निर्धारण के खिलाफ दायर विभिन्न याचिकाओं की आज सुनवाई हुई। न्यायालय में सरकार की ओर से आरक्षण का रोस्टर कोर्ट में पेश किया गया, जिस पर याचिकाकर्ताओं ने अध्ययन के लिये समय मांगा। न्यायालय ने सुनवाई की तिथि कल 27 जून निर्धारित की है।